| | |
|---|---|
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या | 04 |
| कुल छपे प्रश्नों की संख्या | 13 |



नामांक[

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा - 2022-23

## विषय : हिन्दी

समय : 3 15 घण्टे    कक्षा : XII (बारहवीं)    पूर्णांक : 70

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. सर्वप्रथम परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र पर अपना नामांक अवश्य लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

### खण्ड - अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए

हल चलाने वाले और भेड़ चराने वाले प्रायः स्वभाव से ही साधु होते हैं। हल चलाने वाले अपने शरीर का हवन किया करते हैं। खेत उनकी हवनशाला है। उनके हवन कुण्ड की ज्वाला की किरणें चावल के लम्बे और सफेद दानों के रूप में निकलती है। गेहूँ के लाल-लाल दाने इस अग्नि की चिनगारियों की डालिया-सी हैं। मैं जब कभी अनार के फूल और फल देखता हूँ तब मुझे बाग के माली का रुधिर याद आ जाता है। उसकी मेहनत के कण जमीन में गिरकर उगे हैं और हवा तथा प्रकाश की सहायता से मीठे फलों के रूपमें नजर आ रहे हैं। किसान मुझे अन्न में, फूल में, फल में आहुति देता हुआ सा दिखाई पड़ता है। कहते हैं ब्रह्माहुति से जगत् पैदा हुआ है। अन्न पैदा करने में किसान भी ब्रह्मा के समान है। खेती उसके ईश्वरीय प्रेम का केन्द्र है।

(i) हल चलाने वाले और भेड़ चराने वालों के स्वभाव की क्या विशेषता है? 1

(ii) लेखक को अनार के फल, फूलों से क्या याद आ जाता है? 1

(iii) किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना गया है? 1

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(v) 'ईश्वरीय' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिये। 1

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

उठे राष्ट्र तेरे कंधों पर
बढ़े प्रगति के प्रांगण में,
पृथ्वी को रख दिया उठाकर
तूने नभ के आँगन में।

विजय वैजन्ती फहरी है जो
जग के कोने-कोने में,
उसमें तेरा नाम लिखा है
जीने में बलि होने में!

तेरे बाहुदण्ड में वह बल
जो केहर कटि तोड़ सके,
तेरे दृढ़ स्कन्ध में वह बल
जो गिरि से ले होड़ सके।

(i) 'उठे राष्ट्र तेरे कन्धों पर' पंक्ति में 'तेरे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(ii) 'पृथ्वी को नभ के आंगन में रखने' में निहित भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'केहर कटि तोडना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(iv) कवि प्रस्तुत पद्यांश में क्या प्रेरणा दे रहा है?

(v) विजय वैजन्ती शब्द का अर्थ लिखिए। 1

3. निम्न अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए

(i) भाषा और बोली में एक अन्तर लिखिए।

(ii) लिपि किसे कहते हैं? हिन्दी भाषा की लिपि का नाम लिखिये।

(iii) 'सुबरन को खोजत फिरे, कवि, कामिनी, चोर।' पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए।

(iv) अनुप्रास अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(v) ''लाल पगड़ी जा रही है'' वाक्य में कौनसी शब्द शक्ति है तथा क्यों? लिखिए।

(vi) अभिधा शब्द शक्ति का एक उदाहरण लिखिए।

(vii) निम्न प्रशासनिक शब्दों का हिन्दी रूपान्तर कीजिए -

(a) Document (b) Circular

(viii) जनसंचार माध्यमों के प्रकारों के नाम लिखिए।

(ix) समाचार लेखन के छह ककारों के नाम क्रमानुसार लिखिए।

4. निम्न अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर 20 शब्दों में दीजिए -

(i) यशोधर बाबू ने प्रभु का ध्यान लगाने की नई रीत क्यों अपनाई? 1

(ii) यशोधर बाबू की आँखों की कोर में नमी चमकने का क्या कारण था? लिखिए। 1

(iii) जूझ आत्मकथात्मक उपन्यास का पात्र आनन्दा अपनी माँ को दत्ता जी राव के पास क्यों ले जाना चाहता है? 1

(iv) अतीत में दबे पाँव पाठ में लेखक ने दो सबसे पुराने नियोजित शहर कौन-कौन से माने हैं? नाम लिखिए। 1

(v) राजस्थान में कुलधरा गाँव कहाँ स्थित है? इसकी प्रसिद्धि का क्या कारण था? 1

(vi) ऐन फ्रेंक की डायरी में ऐन फ्रेंक ने अपनी चिट्ठियों को किसे सम्बोधित किया और क्यों? 1

## खण्ड - ब

5. निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए -

(i) 'विद्यालय का खेल मैदान' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए।

(ii) फीचर तथा समाचार में दो अन्तर लिखिए।

(iii) 'आत्म परिचय' कविता में कवि बच्चन ने संसार को अपूर्ण क्यों माना है? 1½

(iv) 'कविता के बहाने' कविता में कवि ने कविता की तुलना किन-किन से की है, और क्यों? 1½

(v) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था? वह उसे क्यों छिपाती थी? 1½

(vi) काले मेघा पानी दे पाठ में जीजी के त्याग के बारे में क्या विचार थे? विचारों पर अपना मत दीजिए। 1½

**निम्न निबन्धात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिये -**

6. कैमरे में बंद अपाहिज कविता में साक्षात्कारकर्ता द्वारा प्रसारित कार्यक्रम को क्या आप सामाजिक उद्देश्य से युक्त मानते हैं? तर्क सहित उत्तर की पुष्टि कीजिए। 1+3=4

**अथवा**

'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि विशिष्ट सत्ता से कौनसा दण्ड चाहता है? और क्यों?

7. 'बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है वह क्या चाहता है।' लेखक के उक्त कथन का आशय बाजार दर्शन निबन्ध के आधार पर समझाइये। 4

**अथवा**

'शेर के बच्चे' का असल नाम क्या था? उसे 'शेर के बच्चे' की टाइटल कैसे मिली? क्या आप उस टाइटल को प्रमाणित मानते हैं? पठित कहानी के आधार पर लिखिये।

8. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी घिसते मानवीय मूल्यों के साथ पुरानी व नयी पीढ़ी के द्वन्द्व का चित्रण करने वाली उद्देश्यपरक कहानी है। कथन की सहाययता सिद्ध कीजिए। 5

**अथवा**

'जूझ' आत्मकथात्मक उपन्यास के प्रस्तुत अंश के आधार पर आनन्दा का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

9. शमशेर बहादुर सिंह का काव्य-परिचय अपने शब्दों में लिखिए। 4

**अथवा**

धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय लिखिए।

**खण्ड - द**

10. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 1+4=5

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत।
अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत।।
भरत बाहु बल सीस गुन प्रभु पद प्रीति अपार।
मन महुँ जात सराहत पुनि पुनि पवन कुमार।।

दीवाली की शाम पुते और सजे
चीनी के खिलौने जगमगाते लावे
वो रूपवती मुखड़े पै इक नर्म दमक
बच्चे के घरौंदे में जलाती है दिए।

11. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 1+4=5

एक एक बार मुझे मालूम होता है कि यह शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया है कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमण्डल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा।

अथवा

अब तक सफिया का गुस्सा उतर चुका था। भावना के स्थान पर बुद्धि धीरे-धीरे उस पर हावी हो रही थी। नमक की पुड़िया ले तो जानी है, पर कैसे? अच्छा, अगर इसे हाथ में ले लें और कस्टम वालों के सामने सबसे पहले इसी को रख दें? लेकिन अगर कस्टम वालों ने न जाने दिया। तो मजबूरी है, छोड़ देंगे। लेकिन फिर उस वादे का क्या होगा जो हमने अपनी माँ से किया था? हम अपने को सैयद कहते हैं। फिर वादा करके झुठलाने के क्या मायने। जान देकर भी वायदा पूरा करना होगा।

12. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दन्तुजला सीकर की ओर से एक निविदा तैयार कीजिए जिसमें फर्नीचर व कम्प्यूटर क्रय के लिए सूचना हो। 4

अथवा

स्वयं को शासन सचिव, शिक्षा विभाग मानते हुए राज्य के समस्त संस्था प्रधानों को 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' की सुनिश्चितता हेतु एक अर्द्धशासकीय पत्र का प्रारूप लिखिए।

13. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए (शब्द सीमा - 300 शब्द) 5

(i) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।
(ii) कटते जंगल, घटते मंगल
(iii) मूल्य वृद्धि - विकराल समस्या
(iv) पर्यावरण प्रदूषण - समस्या, समाधान

*****